# चले है भोला सज धज के शिव भजन लिरिक्स

भोला तन पे भस्म लगाये,
मन में गौरा को बसाये,
चले है भोला,
सज धज के,
संखिया मंगल गाती हैं,
भूत प्रेत बाराती हैं।bd।

---

भूत और प्रेत सब,
झूम झूम जाते हैं,
लूले और लँगड़े भी,
डिस्को दिखाते हैं,
भोला मन ही मन मुस्काये,
रूप अजब गजब हैं बनाये,
चले हैं भोला,
सज धज के।bd।

---

पहुँची बारात,
सब मंगल गाते हैं,
देख देख शिव को,
सभी डर जाते हैं,
माता मैना रही घबराये,
शिव ऐसा रूप बनाये,
चले हैं भोला,
सज धज के।bd।

---

मन में ये सोचें शिव,
सब डर जाते हैं,
विवाह कैसे होगा,
कोई पास न आते हैं,
तब सुंदर रूप बनाये,
चन्द्रशेखर नाम कहाये,
चले हैं भोला,
सज धज के।bd।

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

गौरा के संग में,
ब्याह रचाते हैं,
लेके भवानी को,
कैलाश जाते हैं,
‘सूरज सोनी’ हरसाये,
ध्यान शिवजी के चरणों मे लगाए,
चले हैं भोला,
सज धज के।**bd**।

---

भोला तन पे भस्म लगाये,
मन में गौरा को बसाये,
चले है भोला,
सज धज के,
संखिया मंगल गाती हैं,
भूत प्रेत बाराती हैं।**bd**।

गायक / प्रेषक – तरुण राजन।
**9129763112**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com